प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.03.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

पीएम किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी करेंगे। केन्द्री कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री करीब नौ करोड़ 32 लाख किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से 18 हजार छह सौ 40 करोड़ रुपये जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि अब तक इस योजना के अंतर्गत चार लाख नौ हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि पहले ही अंतरित की जा चुकी है।

पीएम–एनएक्सटी शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी उथल–पुथल के बावजूद भारत वैश्विक स्तर पर एक प्रतिष्ठित और भरोसेमंद राष्ट्र बना हुआ है। नई दिल्ली में एनएक्सटी सम्मेलन को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद देश स्थिर और मजबूत बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न बाधाओं से निपटने के लिए स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है।

———बाईट–पीएम–ऑन–नैक्सट–समिट——38''——

प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि संघर्ष का बोझ नागरिकों पर न पड़े।

———बाईट–पीएम–ऑन क्राईसिंस–24——

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज ऊना जिला के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बंगाणा में 15 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाली तुरकाल–पंगा जलापूर्ति योजना का शिलान्यास करेंगे। इस योजना के निर्माण से लठियानी, धुंधला और आसपास के क्षेत्रों की विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं के स्त्रोत सुदृढ होंगे और लोगों को नियमित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री का एक जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम भी है।

विक्रमादित्य सिंह

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय आवासन व शहरी कार्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हिमाचल के शहरी विकास और लोकनिर्माण विभाग

की परियोजनाओं के लिए केंद्र से विशेष केंद्रीय सहायता देने की मांग की। विक्रमादित्य सिंह ने अमृत–2.0 व स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत हिमाचल के लिए केंद्रीय आबंटन बढ़ाने की मांग प्रमुखता से उठाई। लोकनिर्माण मंत्री ने जाठिया देवी परियोजना व हिम चंडीगढ़ प्रोजेक्ट के लिए विशेष केंद्रीय सहायता देने का अनुरोध किया। मनोहर लाल खट्टर ने पहाड़ी राज्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इन मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

लोक अदालत

प्रदेश उच्च न्यायालय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्तवाधान में कल 14 मार्च को राज्य के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में निपटारे के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा अभी तक लगभग 82 हजार मामलों की पहचान की गई है। इस दौरान ट्रैफिक मैजिस्ट्रेट के न्यायालयों में एम.वी. चालान मामलों में ई–कोर्ट डिजिटल के माध्यम से कंपाउंडिंग शुल्क के भुगतान की ऑनलाईन सुविधा प्रदान की गई है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप से हुई है। बीते कल प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात हुआ था, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार के अनुसार 15 व 16 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव आएगा।

आपदा प्रबंधन

प्रदेश आपदा जोखिम न्यूनीकरण व तैयारी परियोजना के तहत ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड को लेकर मनाली में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजस्व विभाग के अतिरिक्त सचिव व राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यक्रम निदेशक निशांत ठाकुर ने कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

....